भारत सरकार

पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या: 415

दिनांक 08 **दिसम्बर**, 2022

जौनपुर में एलपीजी पाइप लाइन

†415. **श्री श्याम सिंह यादव** :

क्या **पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार की जौनपुर जिले में एलपीजी पाइपलाइन बिछाने का कोई प्रस्ताव है और यदि हां तो, तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ख) क्या सरकार का विचार जौनपुर जिले में सीएनजी/पीएनजी केंद्र खोलने का है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और इसके कब तक खुलने की संभावना है; और

(ग) सरकार द्वारा जौनपुर जिले में सीएनजी/पीएनजी को बढ़ावा देने/शुरू करने के लिए क्या कदम उठाए गए हैं?

उत्तर

पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय में राज्य मंत्री

(**श्री रामेश्वर तेली**)

(क) आईएचबी लि. जो आईओसीएल, एचपीसीएल और बीपीसीएल का एक संयुक्त उद्यम है, पहले ही गुजरात में कांडला से लेकर उत्तर प्रदेश में गोरखपुर तक 2805 कि.मी. लंबी एलपीजी पाइपलाइन बिछा रहा है। 10088 करोड रुपए की लागत पर पाइपलाइन की क्षमता 8.25 एमएमटीपीए है। पूरा होने पर पाइपलाइन उत्तर प्रदेश के जौनपुर जिले में लगभग 21.7 कि.मी. का क्षेत्र पार कर रही है।

(ख) और (ग) पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस विनियामक बोर्ड (पीएनजीआरबी) भौगोलिक क्षेत्रों (जीए) में शहर गैस वितरण (सीजीडी) नेटवर्क के विकास के लिए कंपनियों को प्राधिकार प्रदान करने वाला प्राधिकरण है जिसमें पीएनजी कनेक्शन प्रदान करना और सीएनजी स्टेशनों की स्थापना करना शामिल है। जौनपुर और गाजीपुर जिलों का भौगोलिक क्षेत्र नवंबर 2027 तक 77,033 पीएनजी घरेलू कनेक्शनों और 38 सीएनजी स्टेशनों के न्यूनतम कार्य कार्यक्रम (एमडब्लूयूपी) लक्ष्य के साथ इंडियन ऑयल अडानी गैस प्राइवेट लि. को प्राधिकृत किया गया है। दिनांक 30.09.2022 की स्थिति के अनुसार तक इंडियन ऑयल अडानी गैस प्राइवेट लि. ने भौगोलिक क्षेत्र में 9 सीएनजी स्टेशन स्थापित किए है।

****